# पटाखा फैक्ट्री में 3 की मौत

## देवास हादसे में 17 मजदूर घायल, 3 महिलाएं अब भी लापता

- कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी धमाके की आवाज
- फैक्ट्री संचालकों से पुलिस की पूछताछ जारी

जितेंद्र पुरोहित

**देवास, 14 मई. मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंककला क्षेत्र में गुरुवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हो गया. भीषण धमाके ने पूरे इलाके को दहला दिया. धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी. हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, वहीं 17 अन्य घायल बताए जा रहे हैं. कई मजदूर जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, लापता हैं. मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. हादसा किस कारण हुआ, अभी यह सामने नहीं आया है.**



जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह हुए विस्फोट से पटाखा फैक्ट्री के आसपास के मकानों में भी कंपन महसूस किया गया. हादसे में तीन मजदूरों की मौत की पुष्टि प्रशासन ने की है. इनमें धीरज पिता बग्गीराम पासवान (40) निवासी भवानीपुर थाना पुल्खा जिला अररिया (बिहार), सनी निवासी लखनऊ (यूपी) और सुमित निवासी गोखलपुर जिला अररिया बिहार हैं, जबकि 17 लोग घायल बताए जा रहे हैं. मलबे में अभी भी शव होने की आशंका है. जैसे ही मलबा हटाया जाएगा, मृतकों की वास्तविक संख्या सामने आएगी. विस्फोट के बाद फैक्ट्री परिसर में आग और धुएं का गुबार फैल गया. सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, दमकल और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को निकालने का अभियान शुरू किया गया. घायलों को तत्काल जिला अस्पताल, अमलतास अस्पताल, एमवाय अस्पताल इंदौर तथा चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

घटना की गंभीरता को देखते हुए उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए. संभाग आयुक्त आशीष सिंह, आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोत मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों की मॉनिटरिंग की.

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने जताया दुख



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों के हताहत होने का समाचार हृदय विदारक है. उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश देते हुए मृतकों के परिजन को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों के नि:शुल्क उपचार के निर्देश दिए हैं.

### पांच लोगों की हालत गंभीर

जानकारी अनुसार घायलों में 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. बताया जाता है कि हादसे के समय फैक्ट्री में बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे. राहत दल लगातार मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में लगा है.

# तिलक वर्मा की नाबाद अर्धशतकीय पारी से मुंबई 6 विकेट से जीता, पंजाब की लगातार 5वीं हार

**धर्मशाला 14 मई।** मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा की नाबाद अर्धशतकीय पारी साथ ही शार्दुल ठाकुर की घातक गेंदबाजी की मदद से पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। पंजाब के लिए इस मैच में जीत जरूरी था, लेकिन उसे निराशा मिली और उसे इस सीजन में लगातार 5वीं हार झेलनी पड़ी। मार्को यानसेन ने जो 18वां ओवर फेंका उसमें 22 रन बने और मैच इसी ओवर में मुंबई के पक्ष में आ गया। बुमराह की कप्तानी में आईपीएल में मुंबई को पहली जीत मिली।

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 58वें मुकाबले में पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस के साथ हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, धर्मशाला में हुआ। इस मैच में मुंबई की कप्तानी जसप्रीत बुमराह ने की। मुंबई ने इस मुकाबले में टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए प्रभसिमरन सिंह की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन बनाए और मुंबई को जीत के लिए 201 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में 4 विकेट पर 205 रन बनाकर मैच जीत लिया।

**प्रभसिमरन सिंह ने लगाया अर्धशतक :** प्रियांश आर्या ने 22 रन की पारी खेली जबकि प्रभसिमरन सिंह 57 रन के स्कोर पर आउट हुए। मुंबई के खिलाफ कप्तान श्रेयस अय्यर 4 रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड हो गए। कूपर कोनोली 21 रन के स्कोर पर आउट हुए। सूर्यांश शेडगे 8 रन जबकि शशांक सिंह 2 रन पर आउट हुए। यानसेन भी नहीं चले और 2 रन पर बोल्ड हो गए। विष्णु विनोद ने नाबाद 15 रन जबकि जेवियर बार्टलेन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए शार्दुल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए तो वहीं दीपक चाहर को 2 सफलता मिली।

**रोहित शर्मा ने बनाए 25 रन, तिलक वर्मा का अर्धशतक:** मुंबई के ओपनर रोहित शर्मा को 25 रन पर चहल ने आउट कर दिया जबकि रयान रिकेल्टन ने 48 रन की पारी खेली। नमनधीर ने निराश किया और 9 रन पर पवेलियन लौट गए जबकि रदरफोर्ड ने 20 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा ने अपना अर्धशतक 25 गेंदों पर पूरा किया और 75 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि विल जैक्स भी 25 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए अजमतुल्लाह उमरजई ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

**मुंबई इंडियंस की प्लेइंग 11:** रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), नमन धीर, तिलक वर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड, विल जैक्स, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), रघु शर्मा।

### मुंबई ने प्लेइंग 11 में किए 2 बदलाव

मुंबई ने अपनी प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए और सूर्यकुमार यादव इस मैच के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं जबकि शार्दुल ठाकुर को मौका दिया गया। पंजाब ने इस मैच के लिए अपनी अंतिम ग्यारह में 3 बदलाव किए और हरप्रीत बरार, जेवियर बार्टलेट और अजमतुल्लाह उमरजेई को टीम में जगह मिली। रोहित शर्मा मुंबई की मुख्य प्लेइंग में नहीं हैं, हालांकि उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में टीम में शामिल किया गया।

## एक नजर में



### सलैया गांव में तेंदुआ घुसने से अफरा-तफरी

**शिवपुरी.** करेरा अनुविभाग के सलैया गांव में उस समय दहशत फैल गई जब गांव के बीच स्थित हनुमान मंदिर की पहाड़ी पर एक तेंदुआ दिखाई दिया. तेंदुए की आमद की खबर फैलते ही ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया और लोगों को पूरी रात जागकर बितानी पड़ी. ग्रामीणों ने अपने परिवार और पालतू जानवरों की सुरक्षा को देखते हुए 20 से 30 लोगों की टोली बनाकर गांव में निगरानी शुरू कर दी. गांव के जनपद सदस्य बल्लू लोधी ने बताया कि तेंदुए की सूचना पहले ही वन विभाग के रेंजर मीना को दे दी गई थी.

### वेतनमान मामले में हाजिर हुए सीएस

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट में गुरुवार को न्यायिक कर्मचारियों के वेतनमान संबंधी मामले में पूर्व आदेश के परिपालन में मुख्य सचिव वीडियो कांफ्रेंसिंग से हाजिर हुए. शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पूरे मामले की पुन: जांच करने और उचित प्रस्ताव रखने के लिए कुछ मोहलत मांगी. जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अगली सुनवाई 24 जून को निर्धारित की है. एकलपीठ ने अगली सुनवाई में भी मुख्य सचिव को हाजिर रहने के निर्देश दिए हैं. दरअसल जबलपुर निवासी हाईकोर्ट कर्मचारी किशन पिल्लई और 108 अन्य ने वर्ष 2016 में यह याचिका दायर की थी. जिसमें उच्च वेतनमान का लाभ नहीं दिए जाने को चुनौती दी गई थी. याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2017 को आदेश पारित करते हुए कहा था यह मामला 27 जून 2015 से सरकार के समक्ष विचाराधीन है.

# मुख्यमंत्री ने मेट्रो से किया सफर

- डॉ. यादव ने दिया सार्वजनिक परिवहन अपनाने का संदेश
- दिल्ली मेट्रो में आम यात्रियों के बीच किया सफर

**भोपाल, 14 मई. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली प्रवास के दौरान दिल्ली मेट्रो में सफर कर सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया. उन्होंने शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन मेट्रो में यात्रा की और आम यात्रियों के बीच रहकर सफर किया.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग की अपील पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने कहा कि मेट्रो जैसे आधुनिक परिवहन साधन समय की बचत के साथ कार्बन उत्सर्जन कम करने और ट्रैफिक दबाव घटाने में अहम भूमिका निभाते हैं. डॉ. यादव ने दिल्ली मेट्रो की व्यवस्था, समयबद्धता और यात्री सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि देश के अन्य शहरों में भी इस तरह की व्यवस्थाओं का विस्तार होना चाहिए. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भोपाल और इंदौर के बाद अन्य बड़े शहरों में मेट्रो सुविधा का विस्तार भी इसी सोच का हिस्सा है. मुख्यमंत्री के मेट्रो सफर को आम नागरिकों और प्रशासनिक हलकों में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश के रूप में देखा जा रहा है.

# विधायक को छूट प्रदान करने से हाईकोर्ट का इंकार

## अपराधिक अवमानना याचिका पर सुनवाई बढ़ी

**जबलपुर, 14 मई. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष आपराधिक अवमानना मामले की सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक संजय पाठक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए. याचिका की सुनवाई के दौरान विधायक संजय पाठक की तरफ से व्यक्तिगत उपस्थिति की छूट प्राप्त करने युगलपीठ ने आग्रह किया गया. युगल पीठ ने आग्रह को अस्वीकार करते हुए समय अभाव के कारण अगली सुनवाई 15 जुलाई को निर्धारित की है.**



गौरतलब है कि कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि विधायक संजय पाठक से संबंधित कंपनी के खिलाफ अवैध उत्खनन के मामले में हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा ने 1 सितम्बर 2025 को सुनवाई से इनकार कर दिया था. हाईकोर्ट जस्टिस ने अपने आदेश में कहा था कि विधायक ने उससे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया. जिसके कारण वह सुनवाई से खुद को अलग कर रहे है. जस्टिस विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था. उन्होंने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर चीफ जस्टिस के समक्ष भेजने का निर्देश भी दिया था. याचिका में कहा गया था कि विधायक के यह कृत्य न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है. न्यायिक कार्य में हस्तक्षेप करना आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है. हाईकोर्ट ने विगत 2 अप्रैल को याचिका का निराकरण करते हुए मामले को संज्ञान में लेते हुए भाजपा विधायक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश जारी किये थे. अवमानना याचिका पर हुई पिछली सुनवाई के दौरान विधायक संजय पाठक की तरफ से पेष किये गये हलफनामा में गलती स्वीकार करते हुए बिना शर्त माफी मांगी थी. उनकी तरफ से तर्क दिया गया कि आपराधिक अवमानना में दंड का प्रावधान है,जब गलती अक्षम्य हो या संबंधित व्यक्ति अपनी गलती स्वीकार नहीं करें. राजनीतिक प्रतिद्वंदी के द्वारा इस मामले में जनहित याचिका दायर की गयी थी.

### ओबीसी आरक्षण में अब 16 जून को होगी सुनवाई

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण से जुड़े प्रकरणों में गुरुवार को दूसरे दिन भी सुनवाई जारी रहीं. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष सामान्य वर्ग की ओर से आरक्षण के विरोध में अपनी दलीलें पेश की गई. जिन्हें सुनने के बाद न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई वैकेशन बाद 16 जून को निर्धारित की है. मामले में गुरुवार को दूसरे दिन हुई सुनवाई पर सामान्य वर्ग की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने दलील दी कि ओबीसी आरक्षण के निर्धारण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी और एम नागराज के प्रकरणों के मार्गदर्शी सिद्धांत तय किए हैं. इसके तहत शीर्ष अदालत ने आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी तय की है.

# लंबित भूमि और अनुबंध कार्य जल्द पूरे होंगे

**भोपाल, 14 मई. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह ने सामुदायिक विकास अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली. बैठक में परियोजनाओं से जुड़े लंबित मामलों और संचालन व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि जिन नगरीय निकायों में परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद संचालन एवं संधारण की राशि एस्क्रो खाते में जमा नहीं हो रही है, वहां स्थानीय प्रशासन से समन्वय बनाकर जल्द राशि जमा कराई जाए. इसके साथ ही भूमि आवंटन, हस्तांतरण, अधिग्रहण और त्रिपक्षीय अनुबंध से जुड़े लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए.

अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह ने शिकायत निवारण समिति की बैठकें नियमित आयोजित करने और प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया. बैठक में कम्पनी सचिव प्रियंका कुमारी, उप परियोजना संचालक प्रशासन राजीव रंजन पाण्डेय, सीडीओ गिरीश नायर एवं एसजीओ राकेश शाण्डिलय उपस्थित रहे, जबकि विभिन्न इकाइयों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए.

# आवारा कुत्तों के हमले से चिंकारा की मौत

### पानी की तलाश में गांव पहुंचा हिरण

**सलामतपुर, 14 मई. भीषण गर्मी और पानी की कमी के चलते जंगली जानवर अब आबादी वाले इलाकों की ओर रुख करने लगे हैं. ऐसा ही एक मामला वन विभाग की पिपरई बीट अंतर्गत ग्राम सेमरा में सामने आया, जहां पानी की तलाश में गांव में पहुंचे चिंकारा हिरण के करीब डेढ़ साल के बच्चे की आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो गई.**



जानकारी के अनुसार चिंकारा का बच्चा जंगल से भटककर गांव में पहुंच गया था. इसी दौरान आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया. कुत्तों के शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कुत्ते चिंकारा के गले पर गंभीर चोट पहुंचा चुके थे. ग्रामीणों द्वारा बचाने की कोशिश के बावजूद उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम सरपंच भानु लोधी मौके पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी. सूचना मिलने पर वन विभाग के डिप्टी सतीश श्रीवास्तव एवं तारिक खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने पंचनामा कार्रवाई कर मृत चिकारा को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद नियमानुसार चिकारा का अंतिम संस्कार किया जाएगा. वहीं लगातार बढ़ती गर्मी और जलस्रोतों के सूखने से जंगली जानवरों के गांवों की ओर आने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं.

# ब्याज का लालच देकर हड़पे 6 .30 लाख रुपए

- आरोपी महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- मुझे 45 माह के लिये निकलवा कर दे दो

**जबलपुर, 14 मई. अधारताल थाना अंतर्गत शिव नगर निवासी एक महिला को ब्याज देने का लालच देकर 6 लाख 30 हजार रूपए हड़प लिए गए . पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ आमनत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है .**

पुलिस के मुताबिक पूनम बर्मन 30 वर्ष निवासी शिव नगर ने रिपोर्ट दर्ज करयी कि करीब ढाई वर्ष से अपने मायके में माता पिता के साथ रहकर पड़ोस में रहने वाली अंजू पांडेय के यहां विगत करीब एक वर्ष से साफ-सफाई एवं खाना बनाने का काम करती आ रही है. बैंक खाता केनरा बैंक शाखा अधारताल एवं यूको बैंक शाखा अधारताल में है. करीब 5-6 माह पूर्व अंजू पांडेय के यहां काम के दौरान उसके पूछने पर उसने बताया था कि उसके माता पिता बहन एवं दादी सभी के काम का पैसा उसके खाते में जमा होता है तो अंजू ने कहा कि अपने बैंक खाते में जमा पैसे मुझे 45 माह के लिये निकलवा कर दे दो, मैं तुम्हे ब्याज सहित बढ़ा कर दे दूंगी, उसे लालच दिया तो उसने अंजू पांडेय के झांसे में आकर कुल राशि 6,30,000 रूपये अंजू पांडेय को दिये थे. जब उसने अंजू पांडेय से उसके घर में काम के दौरान अपने दिये हुये 6, 30, 000 रूपये मांगी तो अंजू पांडेय ने उसके साथ मारपीट की और पैसे देने से मना कर दिया .

समीक्षा | हिनौती गौधाम में लगाए जाएंगे पांच हजार पौधे, प्राकृतिक खेती मॉडल विकसित करने पर जोर

# गौशालाओं के कार्यों को समय पर पूरा करें : शुक्ला

**रीवा, 14 मई. मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में हिनौती गौधाम और बसामन मामा गौ वन्य विहार के निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन सभी गौशाला शेड तय समय सीमा में पूरे कराए जाएं और दोनों गौशालाओं को आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित किया जाए.**



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश प्राकृतिक खेती का आधार है और इन गौशालाओं में प्राकृतिक खेती के मॉडल विकसित किए जा रहे हैं. उन्होंने कामधेनु शेड का एक सप्ताह में लोकार्पण कराने तथा सुरभि और नंदनी शेड का कार्य 10 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए. निजी निवेश से बन रहे तीन नए शेडों का निर्माण 20 अगस्त तक पूरा करने को कहा गया.

राजेन्द्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में पांच हजार पौधे लगाने की तैयारी अभी से शुरू करने, बाउंड्रीवाल निर्माण और चारागाह विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए. उन्होंने बताया कि गौधाम से मुख्य मार्ग तक पक्की सड़क निर्माण कार्य को स्टेट फंड से मंजूरी मिल चुकी है और जल्द काम शुरू होगा.

बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि गौधाम से जुड़े सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी. इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विन्ध्य विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति सहित कई अधिकारी मौजूद रहे.

### सीबीएसई परीक्षा में असफल होने पर छात्र ने फांसी लगाई

**शिवपुरी, 14 मई.** जिले के देहात थाना क्षेत्र में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने सीबीएसई परीक्षा में सफल नहीं होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि मृतक छात्र की पहचान आर्यभान सिंह (18) के रूप में हुई है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुधवार शाम घोषित हुए सीबीएसई परीक्षा परिणाम में छात्र के दो विषयों में सप्लीमेंट्री (एटीकेटी) आई थी, जिसके बाद वह काफी उदास हो गया था. सूत्रों के अनुसार छात्र इसके बाद घर की ऊपरी मंजिल पर बने अपने कमरे में चला गया. काफी देर तक नीचे नहीं आने पर परिजन उसे देखने पहुंचे, जहां वह फांसी के फंदे पर लटका मिला.

# नपा अध्यक्ष पर एक लाख का जुर्माना

## मुख्य सचिव ने दिए जांच के आदेश

**श्योपुर. नगर पालिका अध्यक्ष रेणु गर्ग के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने तीखी टिप्पणी की है.**




कोर्ट ने न केवल नगर पालिका अध्यक्ष पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया, बल्कि सरकार के विरोधाभासी रवैये पर नाराजगी जताते हुए मुख्य सचिव को अधिकारियों के आचरण की जांच के आदेश भी दिए हैं. साथ ही कहा है कि कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. श्योपुर नगर पालिका अध्यक्ष रेणु गर्ग के निर्वाचन को सुमेर सिंह ने चुनौती दी थी. चुनाव न्यायाधिकरण ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि अध्यक्ष के निर्वाचन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित नहीं हुई है, इसलिए याचिका समय से पहले है. जस्टिस आशीष श्रोती की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि 2020 के संशोधन के बाद अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से होता है. ऐसे में अलग से गजट नोटिफिकेशन की अनिवार्यता के आधार पर किसी को न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता. कोर्ट ने माना कि अध्यक्ष का कार्यकाल पहली बैठक से शुरू होता है, इसलिए उसी दिन से चुनाव को चुनौती देने का अधिकार भी मिल जाता है. कोर्ट ने इसे 'अड़ंगा डालने वाली रणनीति' मानते हुए 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है.